भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 365

दिनांक 19.11.2019/28 कार्तिक,1941 (शक) को उत्तर के लिए

वीर सावरकर को भारत रत्न देने का प्रस्ताव

365. **श्री गोपाल शेट्टीः**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महान क्रांतिकारी, इतिहासकार, सामाजिक सुधारक, भारत के विचारक और साहित्यकार वीर सावरकर को भारत रत्न प्रदान करने हेतु कोई कदम उठाया है जोकि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी व्यक्तित्व और प्रमुख राष्ट्रीय नेता थे;

(ख) क्या सरकार को जन प्रतिनिधियों से इस संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) आज की तिथि तक इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): भारत रत्न पुरस्कार दिये जाने की सिफारिशें अलग-अलग स्रोतों से नियमित रूप से प्राप्त होती हैं। तथापि, इस पुरस्कार के लिए किसी औपचारिक सिफारिश की आवश्यकता नहीं है। भारत रत्न पुरस्कार दिये जाने के बारे में निर्णय समय-समय पर लिये जाते हैं।

*****